Rajasthan Police

कार्यालय पुलिस थाना शास्त्री नगर जोधपुर पश्चिम आयुक्तालय जोधपुर

दिनांक 28.03.2024

चौंजतपदंहंत ∕ हउंपसण्बवउ
∕ कबचूमेजरवकीचनत
क्बच रवकीचनत ्मेज
0291.2650758

प्रेस नोट

जनसहभागिता मीटिंग

श्रीमान राजेन्द्रसिंह़ आईपीएस पुलिस आयुक्त महोदय जोधपुर द्वारा चलाये जा रहे नवाचार के तहत दिनांक 27.03.2024 को थाना हाजा सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्रों, शांति समिति सदस्यों एवं प्रबुद्वजनों की जनसहभागिता मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में श्रीमान राजेन्द्रसिंह़ आईपीएस पुलिस आयुक्त महोदय जोधपुर, श्री राजेष कुमार यादव आईपीएस पुलिस उपायुक्त जोधपुर पष्चिम व श्रीमति छवि शर्मा आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त पष्चिम जोधपुर भी उपस्थित रहे। जनसहभागिता मीटिंग में श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा जनता से संवाद स्थापित करते हुए कानून व्यवस्था में सुधार, महिला अपराधों की रोकथाम, साईबर अपराधों व सोषल मीडिया की भ्रामक पोस्टों से सावधान रहने एवं आसपास में बढ़ते अपराधों के संबंध में पुलिस को जानकारी देने, घरों–प्रतिष्ठानों पर ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात बताई एवं साथ ही थाना हाजा के अधिकारी, मुलाजमानों से संवाद कर जन समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने व बीट क्षेत्र में लोकसभा चुनाव–2024 के मध्यनजर निरंतर संपर्क ∕ संवाद करने हेतु निर्देषित किया। आमजनता द्वारा श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय का जनता के बीच आकर मीटिंग रखने के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में करीब 50–60 लोग उपस्थित हुए।

फोटो : जनसहभागिता मीटिंग थाना शास्त्रीनगर

सही ∕ –
(देवेन्द्रसिंह देवड़ा नि.पु.)
थानाधिकारी
पुलिस थाना शास्त्री नगर
जोधपुर पष्चिम